# KJ-1414

**M.A. (Previous)**

Term End Examination, 2020

**HINDI LITERATURE**

Paper - IV

आधुनिक गद्य-साहित्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अस्वच्छता एवं अशुद्धियों पर अंक काटे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की समाप्ति पर समाप्ति सूचक चिह्न का प्रयोग अवश्य कीजिए।

**1.** निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) ''आर्यावर्त का भविष्य लिखने के लिए कुचक्र और प्रतारणा की लेखनी और मसि प्रस्तुत हो रही है। उत्तरापथ के खण्ड राज्य द्वेष से जर्जर हैं। शीघ्र भयानक विस्फोट होगा।''

***अथवा***

''मैं अकिंचन हूँ, साधनहीन हूं। मेरे पास है ही क्या, जिससे तुम्हारी पूजा करूं? तुम देवी हो, सौ बार प्रतिवाद करा, तो भी देवी हो- इस कलुष-पंकिल संसार-सागर की प्रफुल्ल पद्‌मिनी, इस धूलि धूसर वन भूमि की मालती लता।''

(ख) जीवन मेरे लिए आनन्दमय क्रीड़ा है, सरल, स्वच्छन्द, जहाँ कुत्सा, ईर्ष्या, और जलन के लिए कोई स्थान नहीं। मैं भूत की चिन्ता नहीं करता, भविष्य की परवा नहीं करता। मेरे लिए वर्तमान ही सब कुछ है। भविष्य की चिंता हमे कायर बना देती है, भूत का भार हमारी कमर तोड़ देता है। हमारे जीवन की शक्ति इतनी कम है कि भूत और भविष्य में फैला देने से वह और भी क्षीण हो जाती है।

***अथवा***

माँ, आज के वे क्षण मैं कभी नहीं भूल सकती। सौन्दर्य का ऐसा साक्षात्कार मैंनें कभी नहीं किया। जैसे वह सौन्दर्य अस्पृश्य होते

हुए भी मांसल हो। मैं उसे छू सकती थी, देख सकती थी, पी सकती थी। तभी मुझे अनुभव हुआ कि वह क्या है जो भावना को कविता का रूप देता है। मैं जीवन में पहली बार समझ पाई कि क्यों कोई पर्वत-शिखरों को सहलाती मेघ-मालाओं में खो जाता है, क्यों किसी को अपने तन-मन की अपेक्षा आकाश में बनते-मिटते चित्रों का इतना मोह हो रहता है।

(ग) किसान पक्का स्वार्थी होता है, इसमें संदेह नहीं। उसकी गाँठ से रिश्वत के पैसे बड़ी मुश्किल से निकलते हैं, भाव-ताव में भी वह चौकस होता है, ब्याज की एक-एक पाई छुड़ाने के लिए वह महाजन की घंटों चिरौरी करता है, जब तक पक्का विश्वास न हो जाय, वह किसी के फुसलाने में नहीं आता, लेकिन उसका संपूर्ण जीवन प्रकृति से स्थायी सहयोग है।

***अथवा***

मुझे इस देश से जन्मभूमि के समान स्नेह होता जा रहा है। यहाँ के श्यामलकुंज, घने जंगल, सरिताओं की माला पहने हुए शैल श्रेणी, हरी-भरी वर्षा, गर्मी की चांदनी, शीतकाल की धूप और भोले कृषक तथा सरला कृषक बालिकाएं, बाल्यकाल की सुनी हुई कहानियों की जीवित प्रतिमाएं हैं। यह स्वप्नों का देश, यह त्याग और ज्ञान का पालना, यह प्रेम की रंगभूमि भारत भूमि क्या भुलाई जा सकती है? कदापि नहीं। अन्य देश मुनष्यों की जन्मभूमि है, यह भारत मानवता की जन्मभूमि है।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(क) ''चन्द्रगुप्त' नाटक में राष्ट्रीयता का स्वर विद्यमान है।'' विवेचना कीजिए।

***अथवा***

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के आधार पर 'कालिदास' की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) '''गोदान' समस्यामूलक उनन्यास है।''— समीक्षा कीजिए।

***अथवा***

'बाणभट्ट की आत्मकथा' के आधार पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की 'नारी-चेतना' को स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(क) 'पुरस्कार' कहानी में निहित राष्ट्रीय भावना का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'उसने कहा था' कहानी की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

***अथवा***

(क) 'चन्द्रमा मनसो जात:' की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'वैष्णव की फिसलन' निबंध की अंतर्वस्तु का विश्लेषण अपने शब्दों में कीजिए।

**4.** निम्नलिखित लघू-उत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** का उत्तर दीजिए : 20

(क) जगदीशचन्द्र माथुर के नाटकों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(ख) सरदार पूर्ण सिंह का साहित्यक परिचय दीजिए।

(ग) अमरकांत की कहानियों का वैशिष्ठय लिखिए।

(घ) 'यशपाल' के उपन्यास कला पर प्रकाश डालिए।

(ङ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के राष्ट्रीयता पर प्रकाश डालिए।

(च) मन्नू भंडारी की साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए।

(छ) फणीश्वरनाथ रेणु के आंचलिक कहानियों की विशेषताएँ लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 20

(क) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के लेखक का नाम बताइए।

(ख) 'झूठा-सच' उपन्यास के लेखक कौन हैं?

(ग) 'कार्नेलिया' किस नाटक की पात्र है?

(घ) 'तांबे के कीड़े' रचना किस साहित्यकार की कृति है?

(ङ) 'देहाती दुनिया' के लेखक का नाम बताइए।

(च) 'कविता क्या है?' किस श्रेणी का निबंध है?

(छ) 'विकलांग श्रद्धा का दौर' – किस व्यंग्य लेखक की कृति है?

(ज) 'लहनासिंह' किस कहानी का पात्र है?

(झ) पूर्वदीप्ति (फ्लैशबेक) पद्धति से लिखी गई प्रथम कहानी कौन-सी है?

(ञ) राजेन्द्र यादव किस आन्दोलन के सूत्रधार माने जाते हैं?

(ट) हरिवंश राय बच्चन के प्रसिद्ध 'आत्मकथा' का नाम लिखिए।

(ठ) 'आवारा मसीहा' में किस प्रसिद्ध साहित्यकार की जीवनी का वर्णन है?

(ड) 'मानस का हंस' किस लेखक का उपन्यास है?

(ढ) राहूल सांस्कृत्यायन की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ण) अमरकांत के किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(त) गोदान के नायक का नाम क्या है?

(थ) 'निउनिया' किस उपन्यास की पात्र है?

(द) 'रस आखेटक' किस निबंधकार की निबंध रचना है?

(ध) दो ललित निबंधकार के नाम लिखिए।

(न) रामवृक्ष बेनीपुरी के एक निबंध का नाम बताइए।